Volume:1 Issue:13 June2016

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

# Kanpur Municipal Corporation

**संरक्षक**

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

**परामर्श मण्डल**

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
महाप्रबंधक,जलकल

**मुख्य सम्पादक**

इं० सुरेश चंद
प्रभारी आई०टी०

**सह संपादक**

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

**कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन**

संदीप कुमार तिवारी

## 1- रैली



भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही स्मार्ट सिटी योजना के दूसरे राउंड के अंतर्गत जनता की जन सहभागिता बढ़ाने एवं जनता को स्मार्ट सिटी योजना से जागरूक करने हेतु कानपुर नगर निगम द्वारा रेडियो मिर्ची के साथ मिलकर दिनांक 14.06.2016 प्रातः 6:30 बजे मोतीझील से लेकर फूलबाग तक एक रैली का आयोजन किया गया | रैली के प्रारम्भिक स्थल पर एक सिग्नेचर होर्डिंग में स्मार्ट सिटी मिशन में अपनी सहभागिता हेतु माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह एवं अन्य समस्त अधिकारियों एवं प्रतिभागीयों ने हस्तक्षार किया एवं रैली को हरी झंडी दिखकर रवाना किया गया | रैली में उपस्थित लोगो को माननीय महापौर जी द्वारा संबोधित करते हुए कहा की जनता अधिक से अधिक अपने सुझाव दे ताकि प्रोजेक्ट जनता के हिसाब से बन सके |

रैली में जनता एवं नगर निगम के कर्चारियो में काफी उत्साह दिखा| सभी लोगो ने अपने हाथो में स्मार्ट सिटी के स्लोगन से सम्बंधित बैनर लिए हुये थे और नारे लगाते हुए मोतीझील से फूलबाग की ओर रवाना हुए एवं यह रैली का कारवा मोतिझील, बेनाझाबर, ईदगाह, बकरमंडी,,चुन्नीगंज,लाल इमली चौराहा,परेड,नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा होते हुए नानाराव पार्क में पहुँची |

रैली में नगर निगम के माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण, विधायक श्री अरुण पाठक, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह समस्त जोनल अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी श्री राम नगीना त्रिपाठी, मुख्य अभियंता विधुत एवं यांत्रिकी श्री रमेश कुमार कर्दम, पार्षद श्री सतेन्द्र मिश्रा, श्रीमती चित्रलेखा पाण्डेय नामित पार्षद श्री कनौजिया श्री संदीप कुशवाहा एवं रेडियो मिर्ची से श्री राहुल, सुश्री चारू, परिवर्तन संस्था से श्री संदीप जैन, के साथ –2 अन्य शहरवासी सम्मलित हुए |







Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

# 2 - स्मार्ट सिटी प्रगति " बैठक "





भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही स्मार्ट सिटी योजना के दूसरे राउंड के अंतर्गत कानपुर नगर निगम एवं इस कार्य हेतु चयनित कंसल्टेन्ट कंपनी दाराशॉं के द्वारा स्मार्ट सिटी प्रपोजल तैयार किये जाने से सम्बंधित कार्यो की समीक्षा हेतु दिनांक 01.06.2016 को नगर निगम कार्यालय के समिति कक्ष में माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया | जिसमे नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया |बैठक के दौरान दाराशॉं कंपनी के श्री प्रशांत चतुर्वेदी ने स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन किया | साथ ही सरकार की तरफ से जारी की गई नयी गाइडलाइन्स के बारे में अवगत कराया कराया | उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राउंड I के प्रपोजल में कुछ खामिया थी इसलिए हम चयनित नहीं हो पाया | इस बार उन खामियों को दूर कर लिया गया है| बैठक के दौरान नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने सभी जोनल अधिकारियो को आदेश दिये कि अपने अपने जोन में स्मार्ट सिटी के लिए जन सहभागिता को बढ़ाये और जनता के सुझाव एवं सलाह को भी आमंत्रित करे | बैठक में स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी श्री सुरेश चंद ने वोटिंग करने का तरीका बताया| इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह, एवं जोनल अभियंता समस्त जोनल अधिकारी उपस्थित रहे |

## 3 - सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा 30.06.16 को सेवा निवृत्त हुए 41 कर्मचारियों को माला पहनाकर , उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शॉंल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बंधित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

# 4 .स्मार्ट सिटी प्रपोजल हेतु सिटीजन टॉक




भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही स्मार्ट सिटी योजना के दूसरे राउंड के अंतर्गत जनता की जन सहभागिता बढ़ाने एवं जनता से सीधे संवाद स्थापित करने हेतु कानपुर नगर निगम द्वारा रेडियो मिर्ची के साथ सयुक्त रूप से दिनांक 16.06.2016 को रागेन्द्र स्वरुप सभागार में स्मार्ट सिटी पर सिटीजन टॉक का आयोजन किया गया | जिसमे कानपुर नगर के माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, माननीय विधायक श्री इरफ़ान सोलंकी, श्री रघुनंदन सिंह भदौरिया, श्री सलिल विश्नोही, श्री अरुण पाठक, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह समस्त जोनल अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी श्री राम नगीना त्रिपाठी, मुख्य अभियंता विधुत एवं यांत्रिकी श्री रमेश कुमार कर्दम एवं रेडियो मिर्ची से श्री राहुल, सुश्री चारू, परिवर्तन संस्था से श्री संदीप जैन के साथ –2 अन्य शहरवासी उपस्थित रहे |

टॉक शो का प्रारम्भ नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने की एवं जनता से यह अपील कि जनता को अपनी शैली में परिवर्तन लाना होगा और लोगो को सोच बदलनी पड़ेगी, तभी हमारा शहर स्मार्ट होगा | उन्होंने कहा की शहर 1936 में ही औधोगिक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया गया था अपरिहार्य कारणों से स्थितिया बदल गयी है| जनता द्वारा दिए जा रहे स्मार्ट सिटी के लिए सभी सुझाव लिए जा रहे है| सुझावों के आधार पर स्मार्ट सिटी का प्रपोजल तैयार किया जायेगा |

*" माननीय विधायक श्री इरफ़ान सोलंकी ने कहा परिवर्तन के लिए खुद को बदलना होगा | अगर हम ज़माने के साथ-साथ कदम से कदम नहीं मिलायेंगे तो पिछड़ जायेंगे| स्मार्ट सिटी से एक को नहीं बल्कि सभी को लाभ मिलेगा "*

*" माननीय विधायक श्री रघुनंदन सिंह भदौरिया ने कहा की शहर स्मार्ट सिटी में शामिल होगा तो विकास होगा उत्तर दक्षिण जुड़ जायेंगे| जागरूकता के बिना यह सब अधूरा है मानक पर काम हो | सबको इसका ध्यान देना होगा "*

*" माननीय विधायक श्री सलिल विश्नोही ने कहा की शहर शिक्षा का हब बन गया है तो उसी आधार पर विकसित भी होना चाहिए | शिक्षा पर जोर दिया जाये लोग तो अपने आप सिविक सेन्स का पालन करेंगे | सामंजस्य व जागरूकता के बिना शहर नहीं बदला जा सकता है "*

*" माननीय विधायक श्री अरुण पाठक ने कहा की शिक्षित होने से समाज जागरूक नहीं हो जाता है| शिक्षा बढ़ाने के साथ संस्कार को भी लाने करने की आवश्यकता है| केवल तरीका बदलना है,स्मार्ट तो खुद हो जायेंगे| स्वभाव व व्यवहार में परिवर्तन लाना होगा | "*

Volume:1 Issue:12 june2016

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण ने अंत में कहा कि सभी को सोच बदलनी होगी तभी शहर स्मार्ट होगा और हमें भी अपने रहन सहन और बोलचाल में स्मार्टनेस लानी होगी एवं सरकार द्वारा बनाये गए नियमो का पालन करना होगा तभी शहर स्मार्ट होगा | उन्होंने यह भी कहा कि सभी सरकारी संस्थानों को आपस में सामंजस्य बनाकर जनता के विकास के लिए कार्य करना पड़ेगा एवं सभी को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होना पड़ेगा |

टॉक शो में जनता की ओर से सभी ने बिजली पानी एवं सडको से सम्बंधित समस्याओ पर विशेष ध्यान देने को कहा एवं परिवर्तन संस्था के श्री संदीप जैन ने ई-गवर्नेंस पर विशेष ध्यान देने एवं एक ऐसी एप्लीकेशन के निर्माण के लिए सुझाव दिया जिसमे सभी विभागों से सम्बंधित शिकायतो का निवारण एवं सुझाव दिया जा सके |

## 5- स्मार्ट सिटी की कार्यशाला

भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही स्मार्ट सिटी योजना के दूसरे राउंड में चयन होने हेतु शहरी विकास मंत्रालय की ओर से दिनांक 08.06.2016 को दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कानपुर नगर निगम की तरफ से नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह व स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी श्री सुरेश चंद ने प्रतिभाग किया| कार्यशाला में मंत्रालय के वितीय मामलो के विशेषज्ञ श्री मधुसूदन शर्मा ने बताया गया कि प्रपोजल में शहर की जरूरते ना बताए उनका समाधान भी बताए और उनको दूर करने के लिए क्या योजना बनाई है| उन्होंने यह भी बताया कि जिन कार्यो पर अन्य



विभागों से कार्य पर होने है उनके सहमति पत्र प्राप्त करे और प्रपोजल में भी लगाये| और स्मार्ट सिटी योजना के लिए पीपीपी मॉडल में कार्य कराये जाने एवं जो भी योजना बनाये उसको फूलप्रूफ प्लान बनाने को कहा एवं प्रथम चरण में चयनित कोच्चि, भुवनेश्वर के प्रपोजल की खूबियों के बारे में भी बताया| कार्यशाला में शहरी पर्यावरण एवं अध्ययन केन्द्र लखनऊ के अपर निदेशक श्री ए०के०गुप्ता, उप निदेशक श्रीमती अलका सिंह भी उपस्थित रही |

## 6- स्मार्ट सिटी प्रपोजल में हैण्ड हेल्ड सपोर्ट हेतु लखनऊ में सेमीनार



भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही स्मार्ट सिटी योजना के दूसरे राउंड में चयन हेतु होने हेतु लखनऊ में स्मार्ट सिटी हेतु तैयार किये जा रहे प्रपोजल की कमियों को दूर करके उसको भारत सरकार के समक्ष प्रेषित किये जाने एवं उसके सम्बन्ध में दिनांक 23.06.2016 को एक सेमीनार का आयोजन स्थित क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण एवं अध्ययन केन्द्र लखनऊ में किया गया,सेमीनार में कानपुर नगर निगम की ओर से नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह व स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी सुरेश चंद ने भाग लिया| जिसमे क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण एवं अध्ययन केन्द्र के अपर निदेशक श्री ए०के०गुप्ता ने कहा की प्रोजेक्ट ऐसा तैयार किया जाये कि प्रपोजल के चैप्टर्स में एकरूपता एवं सामंजस्य हो|विभिन्न विभाग द्वारा अनुबंध कर लिया जाए | काम की वर्तमान स्थित क्या है अगर चल रहा है तो कितना पास हुआ है और कब तक पूरा होगा | इसकी एक-एक जानकारी मय दस्तावेज के हो | प्रपोजल अंतिम रूप से तैयार कर दिनांक 24.06.2016 को मुख्य सचिव श्री अलोक रंजन के समक्ष प्रपोजल रक्खा जायेगा| जो भी कमिया आयेगी, उनको दूर करके नगर विकास विभाग के डायरेक्टर का पत्र लगाकर 30 जून तक शहरी विकास मंत्रालय को भेज दिया जायेगा |

## 7- रोज़ा इफ्तार



प्रतिवर्ष की भांति पवित्र रमजान के शुभ अवसर पर नगर निगम द्वारा दिनांक 21 जून 2016 को रोजा इफ्तार का आयोजन सांयकाल 06.45 बजे से नगर निगम परिसर, मोतीझील में किया गया। रोजा इफ्तार में मा. महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण जी के साथ ही शहर काजी एवं अन्य मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि, मा. पार्षदगण, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता व श्री राकेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता श्री मनीष कुमार सिंह, मुख्य अभियन्ता (विधुत एवं यांत्रिकी ) श्री रमेश कुमार कर्दम, जनसंपर्क अधिकारी श्री राम नगीना त्रिपाठी , प्रभारी आई० टी श्री सुरेश चंद, समस्त जोन के जोनल अधिकारी एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सम्भ्रान्त नागरिक सम्मिलित हुयें।

Volume:1 Issue:12 june2016

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 8- स्मार्ट सिटी से सम्बंधित जून माह में प्रकाशित खबरें

### सोच बदलें स्मार्ट दिखेगा शहर

- बदलें मानसिकता, लाएं त्याग की भावना, बिना सहभागिता के निर्माण संभव नहीं




बोले जिम्मेदार

### स्मार्ट सिटी — नगर निगम की बैठक में हुई चर्चा, जनजागरूकता पर जोर

### पीपीपी मॉडल से स्मार्ट बनेगी सिटी

अमर उजाला ब्यूरो



मोतीझील स्थित नगर निगम कार्यालय में स्मार्ट सिटी की बैठक में भाग लेते महापौर जगतवीर सिंह द्रोण नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह आदि

### सिर्फ धन की बर्बादी नहीं, स्मार्ट हों इंतजाम

- स्मार्ट सिटी के लिए शहर से आए 56 हजार सुझाव
- सामने आई सरकारी दर्दें से आजिज जनता की आवाज

इन योजनाओं के कड़वे अनुभव

ऐसी हो व्यवस्था




चुन्नीगंज की संपत्ति स्मार्ट सिटी में होगी शामिल

### स्मार्ट सिटी की युक्ति, जाम से मिले मुक्ति



घंटाघर चौराहे पर ठेलेवालों का सड़क पर अतिक्रमण। जागरण



बादशाहीनाका रोड में फुटपाथ पर फैला अतिक्रमण। जागरण




- जनता के सुझावों में झलका शहरवासियों का दर्द
- 40 फीसद लोग चाहते हैं अतिक्रमणमुक्त सड़कें

ऐसे हैं जनता के सुझाव

### स्मार्ट सिटी का प्रपोजल अब 26.74 अरब का

- पहले 32.45 अरब का तैयार हुआ था प्रस्ताव
- मुख्य सचिव के समक्ष आज रखा जाएगा प्रोजेक्ट




चयनित होने वाले क्षेत्र की वर्तमान स्थिति

### स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट तैयार

अमर उजाला ब्यूरो

शहरी पर्यावरण एवं अध्ययन केंद्र, लखनऊ में हुई प्रस्ताव की समीक्षा

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाईपावर कमेटी की बैठक आज

कानपुर। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए 2,674 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। गुरुवार को शहरी पर्यावरण एवं अध्ययन केंद्र, लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रस्ताव (संशोधित डीपीआर) को और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। 24 जून को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाईपावर कमेटी की बैठक बुलाई गई है।




बोर्ड बैठक 28 को

*अपने सामान्य कर (गृहकर) का दिनांक 31.08.2015 तक भुगतान कर 10 % छूट प्राप्त करे व बकाए पर 12 % की दर से बढते ब्याज से बचे।*

